## पाठ – 03
## लीलाधर मंडलोई

**प्रश्न-अभ्यास**

**मौखिक:**

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए -**

1. तताँरा-वामीरो कहाँ की कथा है?
2. वामीरो अपना गाना क्यों भूल गई?
3. तताँरा ने वामीरो से क्या याचना की?
4. तताँरा और वामीरो के गाँव की क्या रीति थी?
5. क्रोध में तताँरा ने क्या किया?

**लिखित:**

**(क)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -

1. तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?
2. वामीरो ने तताँरा को बेरुखी से क्या जवाब दिया।
3. तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया?
4. निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे?

**(ख)** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए -

1. निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है?
2. तताँरा खूब परिश्रम करने के बाद कहाँ गया? वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।
3. वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?
4. प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति-प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे?
5. रूढियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों? स्पष्ट कीजिए।

**(ग)** निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए -

1. जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा।
2. बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी।



Material Downloaded From http://www.ncrtsolutions.in

**भाषा अध्ययन:**

1. निम्नलिखित वाक्यों के सामने दिए कोष्ठक में (√) का चिन्ह लगाकर बताएँ कि वह वाक्य किस प्रकार का है -

**(क)** निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

**(ख)** तुमने एकाएक इतना मधुर गाना अधूरा क्यों छोड़ दिया? (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

**(ग)** वामीरो की माँ क्रोध में उफन उठी। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

**(घ)** क्या तुम्हें गाँव का नियम नहीं मालूम? (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

**(ङ)** वाह! कितना सुंदर नाम है। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

**(च)** मैं तुम्हारा रास्ता छोड़ दूँगा। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)

2. निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

**(क)** सुध-बुध खोना

**(ख)** बाट जोहना

**(ग)** खुशी का ठिकाना न रहना

**(घ)** आग बबूला होना

**(ङ)** आवाज उठाना

3. नीचे दिए गए शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए -

| **शब्द** | **मूल शब्द** | **प्रत्यय** |
|---|---|---|
| चर्चित | __________ | __________ |
| साहसिक | __________ | __________ |
| छटपटाहट | __________ | __________ |
| शब्दहीन | __________ | __________ |

4. नीचे दिए गए शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए-

............. + आकर्षक = . ...................

............. + ज्ञात = ....................

............. + कोमल = ....................

............. + होश = ....................

............. + घटना = ....................

5. वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए -



Material Downloaded From http://www.ncrtsolutions.in

**(क)** जीवन में पहली बार मैं इस तरह विचलित हुआ हूँ। (मिश्र वाक्य)

**(ख)** फिर तेज कदमों से चलती हुई तताँरा के सामने आकर ठिठक गई। (संयुक्त वाक्य)

**(ग)** वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ी। (सरल वाक्य)

**(घ)** तताँरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी। (संयुक्त वाक्य)

**(ङ)** रीति के अनुसार दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था। (मिश्र वाक्य)

**6.** नीचे दिए गए वाक्य पढ़िए तथा 'और' शब्द के विभिन्न प्रयोगों पर ध्यान दीजिए-

**(क)** पास में सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था। (दो पदों को जोड़ना)

**(ख)** वह कुछ और सोचने लगी। ('अन्य' के अर्थ में)

**(ग)** एक आकृति कुछ साफ हुई... कुछ और... कुछ और... (क्रमश : धीरे - धीरे के अर्थ में)

**(घ)** अचानक वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ गई। (दो उपवाक्यों को जोड़ने के अर्थ में)

**(ङ)** वामीरो का दुख उसे और गहरा कर रहा था। ('अधिकता' के अर्थ में)

**(च)** उसने थोड़ा और करीब जाकर पहचानने की चेष्टा की। (' निकटता ' के अर्थ में)

**7.** नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -

भय, मधुर, सभ्य, मूक, तरल, उपस्थिति, सुखद।

**8.** नीचे दिए गए शब्दों के दो - दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -


समुद्र, आँख, दिन, अँधेरा, मुक्त।

**9.** नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

किंकर्तव्यविमूढ, विहल, भयाकुल, याचक, आकंठ।

**10.** 'किसी तरह आँचरहित एक ठंडा और ऊबाऊ दिन गुजरने लगा' वाक्य में दिन के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है? आप दिन के लिए कोई तीन विशेषण और सुझाइए।

**11.** इस पाठ में 'देखना' क्रिया के कई रूप आए हैं 'देखना' के इन विभिन शब्दप्रयोगों में क्या अंतर है? वाक्यप्रयोग द्वारा स्पष्ट कीजिए।






Material Downloaded From http://www.ncrtsolutions.in

इसी प्रकार ' बोलना ' क्रिया के विभिन शब्दप्रयोग बताइए -




**12.** नीचे दिए गए वाक्यों को पढ़िए -

**(क)** श्याम का बड़ा भाई रमेश कल आया था। (संज्ञापदबंध)

**(ख)** सुनीता परिश्रमी और होशियार लड़की है। (विशेषणपदबंध)

**(ग)** अरुणिमा धीरे-धीरे चलते हुए वहाँ जा पहूँची। (क्रिया विशेषण पदबंध)

**(घ)** आयुष सुरभि का चुटकुला सुनकर हँसता रहा। (क्रिया पदबंध)

ऊपर दिए गए वाक्य (क) में रेखांकित अंश में कई पद हैं जो एक पद संज्ञा का काम कर रहे हैं । वाक्य (ख) में तीन पद मिलकर विशेषण पद का काम कररहे हैं। वाक्य (ग) और (घ) में कई पद मिलकर क्रमश: क्रिया विशेषण और क्रिया का काम कर रहे हैं।

ध्वनियों के सार्थक समूह को शब्द कहते हैं और वाक्य में प्रयुक्त शब्द 'पद' कहलाता है; जैसे - 'पेड़ों पर पक्षी चहचहा रहे थे। 'वाक्य में' पेड़ों' शब्द पद है क्योंकि इसमें अनेक व्याकरणिक बिंदु जुड़ जाते हैं। कई पदों के योग से बने वाक्यांश को जोएक ही पद का काम करता है, पदबंध कहते हैं। पदबंध वाक्य का एक अंश होता है।

पदबंध मुख्य रूप से चार प्रकार के होते हैं -

**(i)** संज्ञा पदबंध **(ii)** क्रिया पदबंध

**(iii)** विशेषण पदबंध **(iv)** क्रियाविशेषण पदबंध

वाक्यों के रेखांकित पदबंधों का प्रकार बताइए -

**(क)** उसकी कल्पना में वह एक अद्भुत साहसी युवक था।

**(ख)** तताँरा को मानो कुछ होश आया।

**(ग)** वह भागा-भागा वहाँ पहूँच जाता।

**(घ)** तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

**(ङ)** उसकी व्याकुल आँखें वामीरो को हूँढने में व्यस्त थीं।

n http://myCBSEguide.com and co.in
Portal for CBSE Notes, Test Papers, Sample Papers, Tips and Tricks

Material Downloaded From http://www.ncrtsolutions.in

## पाठ – 03
## लीलाधर मंडलोई

**प्रश्न-अभ्यास**

**मौखिक:**

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो पंक्तियों में दीजिए-**

**उत्तर1:-** तताँरा-वामीरो एक लोक कथा है। यह देश के उन द्वीपों की कथा है जो आज लिटिल अंदमान और कार-निकोबार नाम से जाने जाते हैं। निकोबारियों का मानना है कि प्राचीन काल में ये दोनों द्वीप एक ही थे।

**उत्तर2:-** वामीरो सागर के किनारे गा रही थी। अचानक समुद्र की ऊँ ची लहर ने उसे भिगो दिया, इसी हड़बडाहट में वह गाना भूल गई।

**उत्तर3:-** तताँरा वामीरो के रूप और मधुर आवाज़ से सम्मोहित हो गया था। गाँव की रीति की परवाह किए बिना उसने अगले दिन फिर लपाती गाँव की उसी समुद्री चट्टान पर आने की याचना की।

**उत्तर4:-** तताँरा और वामीरो के गाँव की रीति थी कि विवाह के लिए लड़का-लड़की का एक ही गाँव का होना आवश्यक था।

**उत्तर5:-** क्रोध में तताँरा ने अपनी पूरी शक्ति लगाकर उसकी तलवार को धरती में घोप दिया और उसकी सारी शक्ति लगाकर खींचने लगा जिससे धरती में दरार पड़ गई और वह दो टुकड़ों मेंटँबगई।

**लिखित:**

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) लिखिए -**

**उत्तर1:-** तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का मत था कि उसकी तलवार भले साधारण लकड़ी की थी पर तलवार में अद्भुत, विलक्षण और दैवीय शक्ति थी।

**उत्तर2:-** वामीरो ने तताँरा को बेरुखी से जवाब दिया कि वह कौन है, उसे क्यों घूर रहा है और उसके इस तरह असंगत प्रश्नों के उत्तर वह क्यों दे? वह अपने गाँव के अतिरिक्त किसी अन्य युवक के प्रश्नों के उत्तर देने के लिए बाध्य नहीं है और यह बात वह भी जानता है।



Material Downloaded From http://www.ncrtsolutions.in

www.ncrtsolutions.in



**उत्तर3:-** तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार की सदियों से चल रही रुढ़िवादी परम्परा में परिवर्तन आया। उन दोनों की मृत्यु के पश्चात्‌गाँव वाले द ूसरे गाँववालों से भी वैवाहिक सम्बन्धों को स्थापित करने लगे।

**उत्तर4:-** तताँरा एक नेक, मददगार युवक था। वह सदैव दूसरों की सहायता करने के लिए तत्पर रहता था। अपने नहीं बल्कि समूचे द्वीपवासियों की सेवा करना चाहता था। जहाँ कहीं भी मुसीबत आती वह दौड़ा-दौड़ा चला जाता था। उसके इन्हीं मानवीय गुणों के कारण निकोबार के लोग तताँरा को पसंद करते थे।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) लिखिए -**

**उत्तर1:-** निकोबार द्वीपसमूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का विश्वास है कि पहले यह दोनों द्वीप एक ही थे जो तताँरा वामीरो की असफल प्रेम की त्रासदी के फलस्वरूप दो अलग-अलग द्वीपों में बदल गए।

**उत्तर2:-** तताँरा दिनभर के अथक परिश्रम करने के बाद समुद्र किनारे टहलने निकलता है। उस समय सूरज डूबने का समय हो रहा था। समुद्र से ठंडी बयारें चल रही थी। पक्षियों के घोसलों में लौटने का समय भी हो चला था इसलिए उनकी आवाजें धीरे-धीरे कम हो गई थीं। सूरज की अंतिम किरणें समुद्र पर प्रतिबिम्ब अंकित कर रही थी।

**उत्तर3:-** वामीरो के मिलने के पश्चात्‌ तताँरा हर-समय वामीरो के ही ख्याल में ही खोया रहता था। उसके लिए वामीरो के बिना एक पल भी गुजारना कठिन-सा हो गया था। वह शाम होने से पहले ही लपाती की उसी समुद्री चट्टान पर जा बैठता, जहाँ वह वामीरो के आने की प्रतीक्षा किया करता था।

**उत्तर4:-** प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति-प्रदर्शन के लिए मेले, पशु-पर्व कुश्ती, गीत संगीत आदि अनेक प्रकार के आयोजन किए जाते थे। जैसे पशु-पर्व में हृष्ट-पुष्ट पशुओं का प्रदर्शन किया जाता था तो पुरूषों को अपनी शक्ति प्रदर्शन करने के लिए पशुओं से भिड़ाया जाता था। इस तरह के आयोजनों में सभी गाँववाले भाग लेते थे और गीत-संगीत के साथ भोजन आदि की भी व्यवस्था की जाती थी।

**उत्तर5:-** रूढियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है क्योंकि तभी हम समय के साथ आगे बढ़ पाएगे। बंधनों में जकड़कर व्यक्ति और समाज **का** वि ास, सुख-

Http://www.ncrtsolutions.in
Portal for CBSE Notes, Test Papers, Sample Papers, Tips and Tricks
Material Downloaded From http://www.ncrtsolutions.in

आनंद, अभिव्यक्ति आदि रुक जाती है। यदि हमें आगे बढ़ना है तो इन रुढ़िवादी विचारधाराओं को तोड़ना ही होगा।

**(ग) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए -**

**उत्तर1:-** इस पंक्ति का आशय यह है कि तताँरा अपने अपमान को सहन नहीं कर पाया। अपने अपमान को शांत करने के लिए उसने अपनी पूरी ताकत लगाकर धरती में अपनी तलवार घोंप दी। जिसके परिणास्वरूप धरती दो टुकड़ों मेंटॅंबगई।

**उत्तर2:-** इस पंक्ति के जरिए तताँरा के मन की उधेड़बुन को दर्शाया गया है। वामीरो से मिलने की प्रतीक्षा में वह बैचैन रहता था। उसकी प्रतीक्षा आशा और निराशा के बीच झूलती रहती थी।

**भाषा अध्ययन:**

**उत्तर1:-** (क) विधानवाचक

(ख) प्रश्नवाचक

(ग) विधानवाचक

(घ) प्रश्नवाचक

(ङ) विस्मयादिबोधक

(च) विधानवाचक

**उत्तर2:-**

| मुहावरे | वाक्य |
|---|---|
| सुध-बुध खोना | लता दीदी गानों तो सुध-बुध भुला दी। |
| बाट जोहना | गए की माता-पिता बड़ी बाट जो रहे थे। |
| खुशी का ठिकाना न रहना | कई सालों बाद बचपन मित्र मिलकर मेरीख़ुशी का ठिकाना न रहा। |
| आग बबूला होना | की शरारत पर पिता आग बबूला |
| आवाज उठाना | अन्याय खिलाफ़ आवाज उठानी चाहिए। |

**उत्तर3:-**

| शब्द | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|



Material Downloaded From http://www.ncrtsolutions.in

| | | |
|---|---|---|
| | | इत |
| साहसिक | साहस | इक |
| छटपटाहट | छटपट | आहट |
| शब्दहीन | शब्द | हीन |

**उत्तर4:-**

| | |
|---|---|
| अन | |
| + ज्ञात | अज्ञात |
| सु कोमल | सुकोमल |
| + होश | |
| दूर् घटना | दुर्घटना |

**उत्तर5:-**

(क) जीवन में पहली बार ऐसा हुआ कि मैं विचलित हुआ हूँ

(ख) फ़िर तेज कदमों से चलती हुई तताँरा के सामने आई और ठिठक गई।

(ग) वामीरो कुछ सचेत होने पर घर की तरफ़ दौड़ी।

(घ) उसने तताँरा को देखा और फूटकर रोने लगी।

(ङ) रीति के अनुसार यह आवश्यक था कि दोनों एक ही गाँव के हो।

**उत्तर6:-**

(क) पास में सुंदर और शक्तिशाली युवक रहा करता था। (दो पदों को जोड़ना)

(ख) वह कुछ और सोचने लगी ।( 'अन्य' के अर्थ में)

(ग) एक आकृति कुछ साफ हुई... कुछ और... कुछ और... (क्रमश : धीरे - धीरे के अर्थ में)

(घ) अचानक वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ दौड़ गई। (दो उपवाक्यों को जोड़ने के अर्थ में)

(ङ) वामीरो का दुख उसे और गहरा कर रहा था। ('अधिकता' के अर्थ में)

(च) उसने थोड़ा और करीब जाकर पहचानने की चेष्टा की। (' निकटता ' के अर्थ में)

**उत्तर7:-**

| शब्द | विलोम शब्द |
|---|---|
| भय | |
| मधुर | कटु |


Material Downloaded From http://www.ncrtsolutions.in

| | |
|---|---|
| सभ्य | असभ्य |
| मूक | वाचाल |
| तरल | ठोस |
| उपस्थिति | अनुपस्थिति |
| सुखद | दुखद |

**उत्तर8:-** समुद्र - सागर, सिंधु।

आँख - नेत्र,लोचन।

दिन - वासर, वार।

अंधेरा - अंधकार, तम।

मुक्त - आज़ाद, स्वतंत्र।

**उत्तर9:-**

| शब्द | वाक्य |
|---|---|
| किंकर्तव्यविमूढ | अब किंकर्तव्यविमूढ न रहो, जाओ जाकर काम करो। |
| विह्वल | उन अनाथ बच्चों की दशा भाव विह्वल होउठी। |
| भयाकुल | उस बालक भयाकुल नज़रों ओर |
| याचक | पर कोई याचक खड़ा |
| ठ | भक्त गुरु ठडूब चूके |

**उत्तर10:-** वाक्य में दिन के लिए आँचरहित - एक - ठंडा और ऊबाऊ विशेषणों का प्रयोग किया गया है।


दिन के लिए कुछ और विशेषण -

1) बर्फीला
2) उष्णता रहित
3) बड़ा
4) लंबा
5) नीरस
6) उमस भरा

**उत्तर11:-**



Material Downloaded From http://www.ncrtsolutions.in




1) तुम यह क्या कह रहे हो?
2) सीता है कि बोलते ही जा रही है।
3) राम कुछ भी मत बको।
4) वाह! क्या खूब तुमने तो उसकी बोलती ही बंद कर दी।
5) इस कथन का तात्पर्य क्या है?
6) सभी उसकी वाकपटुता के कायल हो चूके थे।

**उत्तर12:-** पदबंधों के प्रकार -

(क) विशेषण पदबंध
(ख) क्रिया पदबंध
(ग) क्रियाविशेषण पदबंध
(घ) संज्ञा पदबंध
(ङ) संज्ञा पदबंध

n http://myCBSEguide.com and co.in
Portal for CBSE Notes, Test Papers, Sample Papers, Tips and Tricks

Material Downloaded From http://www.ncrtsolutions.in